प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 19.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री मोदी आज इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का करेंगे औपचारिक उद्‌घाटन, फ्रांस के राष्ट्रपति, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव और दुनिया भर के विभिन्न शीर्ष उद्योगपति भी रहेंगे मौजूदं

2. झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन, सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर होगी चर्चा, प्रश्न काल में विधायकों के सवालों का जवाब देगी सरकारं

3. झारखंड उच्च न्यायालय ने रिम्स जमीन अतिक्रमण मामले में राँची नगर निगम की हस्तक्षेप याचिका की खारिज, एसीबी को 23 अप्रैल तक जांच की स्टेटस रिपोर्ट देने का निर्देषं

4. रमजान का पवित्र महीना आज से शुरू, रोजेदारों ने रखा है पहला रोजा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने दी षुभकामनाएं

5. जामताड़ा में आयोजित 19वीं झारखंड राज्य सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में पाकुड़ बनी चैंपियन, फाइनल में कोडरमा पर दर्ज की षानदार जीतं

''''''''''''''''''''''''''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट समिट 2026 का उद्घाटन करेंगें उद्घाटन समारोह को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतरेस और दुनिया भर के कई शीर्ष उद्योगपति भी संबोधित करेंगें उद्घाटन समारोह के बाद ये नेता इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का दौरा करेंगें इससे पहले प्रधानमंत्री ने कल विश्व के कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता कीं उन्होंने जिम्मेदार, प्रतिभा–आधारित एआई और व्यापार तथा जन–संबंधों को मजबूत करने पर बल दियां

''''''''''''''''''''''''''

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन हैं सदन की कार्यवाही दिन के 11बजे से प्रश्न काल के साथ शुरू होगीं इस दौरान लोक महत्व से संबंधित विषयों पर विधायकों द्वारा पूछे जाने वाले सवालों का जवाब सरकार के स्तर पर दिया जाएगां प्रश्न काल की समाप्ति के बाद सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक अपनी बात रखेंगें

''''''''''''''''''''''''''

नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सदन में राज्यपाल का अभिभाषण झूठ का पुलिंदा मात्र थां राज्य सरकार तर्कहीन और तथ्यहीन बातें कर रही हैं श्री मरांडी ने कहा कि केंद्र सरकार पर असहयोग का आरोप लगाया जाना निम्नस्तरीय राजनीति का प्रतीक हैं

''''''''''''''''''''''''''

राज्य में नगर निकाय चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई हैं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने जमशेदपुर में मानगो नगर निगम में महापौर औऱ जुगसलाई नगर परिषद में अध्यक्ष पद के लिए पार्टी समर्थित प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार की कमान संभालीं उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार इश चुनाव को जीतने के लिए सरकारी मशीनरी समेत सभी हथकंडे अपना रही हैं

उधर, झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा और कांग्रेस पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगायां उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग से इस मामले में कार्रवाई की मांग की हैं

''''''''''''''''''''''''''

सिमडेगा में नगर परिषद चुनाव को लेकर प्रचार– प्रसार जोरों पर हैं सभी प्रत्याशी डोर टू डोर कैंपेन कर रहे हैं और ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

''''''''''''''''''''''''''

हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने निकाय चुनाव को लेकर सामग्री कोषांग, मतपत्र कोषांग तथा विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कियां इस दौरान उन्होंने चुनावी तैयारियों का जायजा और अधिकारियों को कई आश्यक निर्देश दिएं उधर, जामताड़ा जिले में निकाय चुनाव में विधि व्यवस्था को लेकर संताल परगना के पुलिस उप महानिरीक्षक अंबर लकड़ा ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कीं

''''''''''''''''''''''''''

झारखंड उच्च न्यायालय ने रिम्स जमीन पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण मामले में रांची नगर निगम की हस्तक्षेप याचिका खारिज कर दी हैं मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सुनवाई के दौरान एसीबी द्वारा अनुसंधान की सील बंद रिपोर्ट पेश की गईं अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि अदालत ने एसीबी को जांच की स्टेटस रिपोर्ट 23 अप्रैल तक दाखिल करने का निर्देश दिया हैं

''''''''''''''''''''''''''

जेएसएससी ने झारखंड तकनीकी विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा– 2023 के लगभग छह हजार नौ सौ आवेदन अलग–अलग कारणों से रद्द कर दिए हैं

''''''''''''''''''''''''''

राजधानी रांची के आड्रे हाउस में आदि बाजार और आदि चित्रा का आयोजन इस महीने की 20 से 26 तारीख तक होगां केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय और ट्राइफेड की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रम का मकसद आदिवासी कला, संस्कृति और शिल्प को बढ़ावा देना हैं

''''''''''''''''''''''''''

रमजान का पवित्र महीना आज से शुरू हो चुका है ं झारखंड समेत देश के अलग–अलग हिस्सों में कल देर शाम रमजान का चांद देखे जाने के बाद अल्लाह की इबादत में तरावीह की नमाज पढ़ी गईं वहीं, आज रोजेदारों ने आज पहला रोजा रखा हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

''''''''''''''''''''''''

रामगढ़ पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया हैं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 4 फरवरी को एक ज्वेलरी व्यवसायी से हुई लूट मामले में पुलिस ने यह कार्रवाई की हैं इन अपराधियों के पास से हथियार और लूट के कई सामान बरामद हुआ हैं

''''''''''''''''''''''''

पाकुड़ ने 19वीं झारखंड राज्य सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया हैं जामताड़ा में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता के फाइनल में पाकुड़ ने कोडरमा को आठ अंकों के अंतर से पराजित कियां

''''''''''''''''''''''''

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सदन में राज्यपाल के अभिभाशण से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया हैं

प्रभात खबर की सुर्खी है नौ सालों में जेटेट नहीं होने और कठिन षर्तों के चलते रिक्त रह गयीं रिजर्व सीटें

हिन्दुस्तान ने लिखा है चाईबासा में डायन के षक में मां बेटी को जिंदा जलायां

दैनिक जागरण ने एचईसी सहित सीआईएसएफ के तीन यूनिटें बंद करने के आदेष के खबर को पहले पन्ने पर जगह दी हैं

वहीं दैनिक भास्कर की सुर्खी है एआई से काम के घंटे आधे रह जाएंगे और काम पहले से दोगुना कर पाएंगें

''''''''''समाप्त''''''''''''''